Adda247 GET IT ON Google Play

## Candidate Details

| | |
|---|---|
| Roll No: | Subject / वषय: Hindi |
| Candidate Name: | Objection(s) Raised: 0 |
| Exam Date: 10-05-2026 | Exam Shift: Second |

**Note / नोट:** The answer key displayed is **provisional**. The final answer key will be published after all grievances/objections are resolved.
प्रदर्शित उत्तर कुंजी **अस्थायी (Provisional)** है। अंतिम उत्तर कुंजी सभी आपत्तियों के निराकरण के बाद प्रकाशित की जाएगी।

Objection window closes in: **127h 38m 35s**

### Q NO. 1

अनंग हर्ष मातृराज द्वारा रचित नाटक है :

(A) उदात्तराघव
(B) अनर्घराघव
(C) बालरामायण
(D) आश्चर्य चूड़ामणि

**उत्तर:** (A) उदात्तराघव

Adda247

### Q NO. 2

विलोम शब्द की दृष्टि से कौन-सा विकल्प असंगत है ?

(A) अलिप्त – निर्लिप्त
(B) परार्थ – स्वार्थ
(C) समूल – निर्मूल
(D) क्षर – अक्षर

**उत्तर:** (A) अलिप्त – निर्लिप्त

### Q NO. 3

'नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहिं काल।
अली कली ही सों बिंध्यो, आगे कौन हवाल ॥'

प्रस्तुत पंक्तियाँ किस रीति कालीन कवि की हैं ?

(A) रसनिधि
(B) वृंद
(C) बिहारी
(D) नेवाज

**उत्तर:** (C) बिहारी

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

**DOWNLOAD THE APP**

Q NO. 4

'पुस्तक जल्हन हत्थ दै चलि गज्जन नृप-काज ।' – इस पंक्ति में 'पुस्तक' का तात्पर्य निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक से है :

(A) पृथ्वीराज रासो
(B) बीसलदेव रासो
(C) हम्मीर रासो
(D) परमाल रासो

**उत्तर:** (A) पृथ्वीराज रासो

Q NO. 5

'ध्रुवचरित' ग्रंथ के रचनाकार हैं :

(A) दादूदयाल
(B) मलूकदास
(C) लालदास
(D) जम्भनाथ

**उत्तर:** (B) मलूकदास

Q NO. 6

'अष्टछाप' के प्रसिद्ध कवि कुम्भनदास के सबसे छोटे पुत्र थे :

(A) छीतस्वामी
(B) चतुर्भुजदास
(C) कृष्णदास
(D) नन्ददास

**उत्तर:** (B) चतुर्भुजदास

Q NO. 7

निम्नलिखित में से किस कवि की रचनाएँ द्विवेदी युग के अंतर्गत ***नहीं*** रखी जाती हैं ?

(A) राय देवीप्रसाद 'पूर्ण'
(B) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'
(C) श्रीधर पाठक
(D) अम्बिकादत्त व्यास

**उत्तर:** (D) अम्बिकादत्त व्यास

Q NO. 8

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

'प्रगतिवाद _______________ की अभिव्यक्ति को ही रचना का उद्देश्य मानता है।' रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प है

(A) प्रकृति - सौन्दर्य

(B) देश - भक्ति

(C) सामाजिक यथार्थ

(D) आध्यात्मिकता

**उत्तर:** (C) सामाजिक यथार्थ

## Q NO. 9

निम्नलिखित में से कौन-सी रचना, मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित ***नहीं*** है ?

(A) यशोधरा

(B) विष्णुप्रिया

(C) झंकार

(D) प्रियप्रवास

**उत्तर:** (D) प्रियप्रवास

## Q NO. 10

निम्नलिखित में से कौन-सी भवानी प्रसाद मिश्र की कविता ***नहीं*** है ?

(A) कमल के फूल

(B) वाणी की दीनता

(C) टूटने का सुख

(D) असाध्य वीणा

**उत्तर:** (D) असाध्य वीणा

## Q NO. 11

निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक जयशंकर प्रसाद का ***नहीं*** है ?

(A) एक घूँट

(B) स्वर्णविहान

(C) कामना

(D) राज्यश्री

**उत्तर:** (B) स्वर्णविहान

## Q NO. 12

Adda247 GET IT ON Google Play

'कबीरपरिचई' के रचयिता हैं :

(A) अनंतदास

(B) चेतनदास

(C) हरिदास निरंजनी

(D) सींगा

**उत्तर:** (A) अनंतदास

## Q NO. 13

रीतिमुक्त काव्यधारा के कवि ***नहीं*** हैं :

(A) घनानंद

(B) द्विजदेव

(C) बोधा

(D) नेवाज

**उत्तर:** (D) नेवाज

## Q NO. 14

निम्नलिखित में से ***असंगत*** का चयन कीजिए :

(A) श्रृद्धा – भगवान के प्रति आदर भाव
भक्ति – गुणवान के प्रति आदर भाव

(B) योग्यता – कार्य करने का मानसिक सामर्थ्य
क्षमता – कार्य करने का शारीरिक सामर्थ्य

(C) प्रसाद – कृपा
प्रासाद – महल

(D) मृत्यु – सामान्य व्यक्ति का देहांत
निधन – महान व्यक्ति का देहांत

**उत्तर:** (A) श्रृद्धा – भगवान के प्रति आदर भाव
भक्ति – गुणवान के प्रति आदर भाव

Adda247

## Q NO. 15

निम्नलिखित में से सियारामशरण गुप्त की रचना ***नहीं*** है :

(A) मौर्यविजय

(B) दूर्वादल

(C) पथिक

(D) विषाद

**उत्तर:** (C) पथिक

## Q NO. 16

'मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक पत्थर में
चमकता हीरा है
हर एक छाती में आत्मा अधीरा है
प्रत्येक सुस्मित में विमल सदानीरा है
मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक वाणी में
महाकाव्य – पीड़ा है

उपर्युक्त 'नई कविता' की पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) शमशेरबहादुर सिंह
(B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(C) भवानीप्रसाद मिश्र
(D) अज्ञेय

**उत्तर:** (B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

Q NO. 17

निम्नलिखित में से सिद्ध साहित्य से संबंधित कौन-सा विकल्प सही ***नहीं*** है ?

(A) सरहपा-दोहाकोश
(B) शबरपा-चर्यापद
(C) डोम्भिपा-डोम्बिगीतिका
(D) कण्हपा-योगचर्या

**उत्तर:** (D) कण्हपा-योगचर्या

Q NO. 18

'कौन करेजो नहि कसकत सुनि बिपति बालबिधवन की'

प्रस्तुत पंक्ति भारतेंदु युग के किस कवि द्वारा रचित है ?

(A) राधाकृष्ण दास
(B) प्रेमघन
(C) अंबिकादत्त व्यास
(D) प्रतापनारायण मिश्र

**उत्तर:** (D) प्रतापनारायण मिश्र

Adda247

Q NO. 19

Adda247 GET IT ON Google Play

नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किए गए हैं। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** अज्ञेय में संवेदना के साथ एक सजग बौद्धिकता है।

**कारण (R) :** अज्ञेय की कविताओं में जो स्वर-वैविध्य दिखायी पड़ता है, उसका कारण बहुत-कुछ उनकी बौद्धिकता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**उत्तर:** (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

## Q NO. 20

सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (कवि)** | | **सूची II (रचनाएँ)** |
|---|---|---|---|
| a. | सुंदरदास | i. | ब्रजलीला |
| b. | मलूकदास | ii. | ज्ञानसमुद्र |
| c. | संत वीरभान | iii. | सब्बंगी |
| d. | रज्जब | iv. | बानी |

**कूट :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

**उत्तर:** (B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii

Adda247

## Q NO. 21

'केलिमाल' रचना निम्नलिखित में से किसकी है ?

(A) हरिराम व्यास

(B) नेही नागरीदास

(C) स्वामी हरिदास

(D) ध्रुवदास

**उत्तर:** (C) स्वामी हरिदास

## Q NO. 22

छायावादी काव्यधारा के अंतर्गत 'कलापी' काव्यसंग्रह के रचयिता हैं :

(A) आरसी प्रसाद सिंह

(B) गोपाल सिंह नेपाली

(C) जनार्दन प्रसाद झा 'द्विज'

(D) मोहनलाल महतो 'वियोगी'

**उत्तर:** (A) आरसी प्रसाद सिंह

## Q NO. 23

निम्नलिखित में से भारतेंदु युगीन कवि तथा उनकी रचनाओं का सही मिलान ***नहीं*** है :

(A) अंबिकादत्त व्यास – पावस पचासा

(B) प्रतापनारायण मिश्र – प्रेम पुष्पावली

(C) जगन्मोहन सिंह – मयंक-महिमा

(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' – आनंद अरुणोदय

**उत्तर:** (C) जगन्मोहन सिंह – मयंक-महिमा

## Q NO. 24

वह धीरता कहाँ है गंभीरता कहाँ है ?
वह वीरता हमारी है वह कहाँ बड़ाई ?
क्या हो गयीं कलाएँ कौशल सभी हमारे ?
किसने शताब्दियों की ली छीन सब कमाई ?

प्रस्तुत पंक्तियाँ द्विवेदी-युग के किस कवि की हैं ?

(A) रामनरेश त्रिपाठी

(B) ठाकुर गोपालशरण सिंह

(C) बाल मुकुंद गुप्त

(D) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

**उत्तर:** (B) ठाकुर गोपालशरण सिंह

## Q NO. 25

सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (रचनाएँ) | | सूची II (प्रकाशन वर्ष/लेखन वर्ष) |
|---|---|---|---|
| a. | प्रियप्रवास | i. | 1925 |
| b. | पद्यप्रसून | ii. | 1932 |
| c. | वैदेही-वनवास | iii. | 1940 |
| d. | चोखे-चौपदे | iv. | 1914 |

**कूट :**

(A) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(D) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

**उत्तर:** (A) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

Q NO. 26

निम्नलिखित में से किस लेखक के अनुसार, प्रसाद के काव्य में 'मानवीय भूमि', निराला के काव्य में 'बुद्धि तत्त्व' तथा पंत के काव्य में 'कल्पना' की प्रधानता है ?

(A) शांतिप्रिय द्विवेदी

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) डॉ. नगेन्द्र

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**उत्तर:** (B) नंददुलारे वाजपेयी

Q NO. 27

'विज्ञानगीता' किस कवि की रचना है ?

(A) नाभादास

(B) केशवदास

(C) नरहरि बारहट

(D) सेनापति

**उत्तर:** (B) केशवदास

Q NO. 28

निम्नलिखित में से आदिकालीन जैन साहित्य की रचना ***नहीं*** है :

(A) श्रावकाचार

(B) भरतेश्वर-बाहुबली रास

(C) चंदनबालारास

(D) भक्तमाल

**उत्तर:** (D) भक्तमाल

Q NO. 29

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कब नियुक्त हुए ?

(A) 1902
(B) 1903
(C) 1904
(D) 1905

**उत्तर:** (B) 1903

Q NO. 30

वर्तनी की दृष्टि से सभी शुद्ध शब्दों वाला विकल्प है :

(A) सामर्थ, स्वालम्बन, सदृश्य
(B) यथेष्ठ, घनिष्ट, आरोज्ञ
(C) स्वास्थ्य, सहस्र, प्रादुर्भाव
(D) श्राप, स्तीत्व, पाश्विक

**उत्तर:** (C) स्वास्थ्य, सहस्र, प्रादुर्भाव

Q NO. 31

सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (कवि)** | | **सूची II (रचनाएँ)** |
|---|---|---|---|
| a. | बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' | i. | विषाद |
| b. | सियारामशरण गुप्त | ii. | जीवन संगीत |
| c. | जगन्नाथप्रसाद मिलिंद | iii. | रश्मिरेखा |
| d. | केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' | iv. | ज्वाला |

**कूट :**

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-iii, b-i, c-ii, d-iv
(C) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**उत्तर:** (B) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

Adda247

Q NO. 32

झर चुके तारक-कुसुम जब
रश्मियों के रजत-पल्लव,
सन्धि में आलोक-तम की
क्या नहीं नभ जानता तब,
पार से, अज्ञात वासन्ती
दिवस-रथ चल चुका है।

प्रस्तुत पंक्तियाँ महादेवी वर्मा के किस काव्य संग्रह से ली गई हैं ?

(A) दीपशिखा
(B) नीहार
(C) रश्मि
(D) सांध्यगीत

**उत्तर:** (A) दीपशिखा

## Q NO. 33

निम्नलिखित में से कौन-सी कृति रीतिकालीन कवि वृंद की ***नहीं*** है ?

(A) यमक सतसई
(B) भावपंचाशिका
(C) पवनपचीसी
(D) रतनहज़ारा

**उत्तर:** (D) रतनहज़ारा

## Q NO. 34

संवत् 1241 में 'कुमारपाल प्रतिबोध' नामक एक गद्य पद्यमय संस्कृत-प्राकृत काव्य निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखा गया ?

(A) हेमचंद्र
(B) जैनाचार्य मेरुतुंग
(C) सोमप्रभ सूरि
(D) विद्याधर

**उत्तर:** (C) सोमप्रभ सूरि

## Q NO. 35

निम्नलिखित में से कौन-सी रचना पुष्पदंत कवि की ***नहीं*** है ?

(A) महापुराण
(B) णयकुमार-चरिउ
(C) जसहर-चरिउ
(D) संदेशरासक

**उत्तर:** (D) संदेशरासक

## Q NO. 36

'का करियै तुम्हरे मन कौ जिनकौ अब लौं न मिटी दगा दीबौ।
पै हम दूसरो रूप न देखिहैं आनन आन कौ नाम न लीबौ॥'

प्रस्तुत पंक्तियाँ किस रीतिमुक्त कवि की हैं ?

(A) आलम
(B) ठाकुर
(C) घनानंद
(D) बोधा

**उत्तर:** (B) ठाकुर

## Q NO. 37

निम्नलिखित में से हिन्दी पत्रकारिता में 'प्रथम उत्थान' (1826 – 1867) में प्रकाशित दैनिक पत्र कौन-सा है ?

(A) उदंत मार्तंड
(B) बंगदूत
(C) समाचार-सुधावर्षण
(D) प्रजामित्र

**उत्तर:** (C) समाचार-सुधावर्षण

## Q NO. 38

नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** भारतेंदु-काल में रचित नाटकों को विषय एवं प्रवृत्ति-भेद के आधार पर पौराणिक, ऐतिहासिक, रोमानी, सामयिक उपादानों के आधार पर रचित, प्रहसन और प्रतीकवादी-इन वर्गों में रखा जा सकता है।

**तर्क (R) :** भारतेंदु काल में सर्वाधिक संख्या रोमानी नाटकों की है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परंतु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु तर्क (R) ग़लत है।
(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु तर्क (R) सही है।

**उत्तर:** (C) अभिकथन (A) सही है, परंतु तर्क (R) ग़लत है।

## Q NO. 39

'आवारा मसीहा' किस विधा की रचना है ?

(A) आत्मकथा
(B) उपन्यास
(C) जीवनी
(D) रेखाचित्र

**उत्तर:** (C) जीवनी

Q NO. 40

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जीवनी पर लिखित पुस्तक 'निराला की साहित्य साधना' निम्नलिखित में से किस लेखक द्वारा रचित है ?
(A) आचार्य चंद्रशेखर शुक्ल
(B) शांति जोशी
(C) विष्णु प्रभाकर
(D) रामविलास शर्मा

**उत्तर:** (D) रामविलास शर्मा

Q NO. 41

'कामायनी : एक पुनर्विचार' किस लेखक द्वारा रचित है ?
(A) डॉ. रामविलास शर्मा
(B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D) अज्ञेय

**उत्तर:** (B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

Q NO. 42

वियोगी हरि द्वारा रचित गद्य काव्य है :
(A) अंतर्नाद
(B) प्रवाह
(C) छायापथ
(D) तरलाग्नि

**उत्तर:** (A) अंतर्नाद

Q NO. 43

निम्नलिखित में से कौन-सा गद्य काव्य संग्रह राय कृष्णदास का ***नहीं*** है ?
(A) साधना
(B) संलाप
(C) प्रवाल
(D) तरंगिणी

**उत्तर:** (D) तरंगिणी

Q NO. 44

Adda247 GET IT ON Google Play

'ज्ञान के उद्यान में' यात्रावृत्त के लेखक हैं :

(A) गणेशनारायण सोमानी

(B) शिवप्रसाद गुप्त

(C) सत्यदेव परिव्राजक

(D) केदाररूप राय

**उत्तर:** (C) सत्यदेव परिव्राजक

## Q NO. 45

'लंका-यात्रा का विवरण' (1916) यात्रावृत्त के लेखक हैं :

(A) देवीप्रसाद खत्री

(B) गोपालराम गहमरी

(C) श्रीधर पाठक

(D) स्वामी मंगलानंद

**उत्तर:** (B) गोपालराम गहमरी

## Q NO. 46

निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :

(A) मानस के रचियता तुलसीदास हैं।

(B) उसने तरह-तरह का रूप धारण किया।

(C) यहाँ सभी प्रकार की दवाइयाँ मिलती हैं।

(D) वह किताब पर आँख गड़ाये पढ़ रही थी।

**उत्तर:** (C) यहाँ सभी प्रकार की दवाइयाँ मिलती हैं।

## Q NO. 47

निम्नलिखित में से कौन-से शब्द सदैव एक वचन में प्रयुक्त होते हैं ?

(A) प्राण, लोग

(B) प्रत्येक, हरएक

(C) दर्शन, आँसू

(D) दाम, अक्षत

**उत्तर:** (B) प्रत्येक, हरएक

## Q NO. 48

Adda247 GET IT ON Google Play

किसी घटना या घटनाओं का ऐसा वर्णन जिसका वस्तुगत सत्य पाठक को प्रभावित कर सके, ____________ कहलाता है।

(A) संस्मरण

(B) आत्मकथा

(C) डायरी

(D) रिपोर्ताज

**उत्तर:** (D) रिपोर्ताज

## Q NO. 49

प्रेमचंद ने अपने हिंदी उपन्यास 'सेवासदन' और 'रंगभूमि' उर्दू में क्रमश: किस नाम से लिखे थे ?

(A) बाजारे-हुस्न, गोशए-आफ़ियत

(B) बाजारे-हुस्न, चौगाने-हस्ती

(C) चौगाने-हस्ती, गोशए-आफ़ियत

(D) चौगाने-हस्ती, हमखुर्मा व हमसवाब

**उत्तर:** (B) बाजारे-हुस्न, चौगाने-हस्ती

## Q NO. 50

निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल द्वारा रचित ***नहीं*** है ?

(A) अंधा कुआँ

(B) रातरानी

(C) भँवर

(D) रक्तकमल

**उत्तर:** (C) भँवर

## Q NO. 51

निम्नलिखित में से कौन-सा संस्मरणात्मक-रेखाचित्र संग्रह महादेवी वर्मा का ***नहीं*** है ?

(A) मेरा परिवार

(B) माटी की मूरतें

(C) पथ के साथी

(D) स्मारिका

**उत्तर:** (B) माटी की मूरतें

## Q NO. 52

Adda247 GET IT ON Google Play

सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (आत्मकथा) | | सूची II (लेखक) |
|---|---|---|---|
| a. | मेरी जीवनधारा | i. | राकेश गुप्त |
| b. | अर्द्धकथा | ii. | डॉ. नगेन्द्र |
| c. | आत्मपरिचय | iii. | यशपाल जैन |
| d. | देखे सत्तर शरद वसंत | iv. | फणीश्वरनाथ 'रेणु' |

**कूट :**

(A) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii
(D) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

**उत्तर:** (A) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

**Q NO. 53**

निम्नलिखित में से कौन-सा गंगाप्रसाद श्रीवास्तव का हास्य-व्यंग्य प्रधान नाटक ***नहीं*** है ?

(A) दुमदार आदमी
(B) गड़बड़झाला
(C) भूलचूक
(D) वरमाला

**उत्तर:** (D) वरमाला

**Q NO. 54**

निम्नलिखित में से कौन-सा आलोचना ग्रंथ शांतिप्रिय द्विवेदी का ***नहीं*** है ?

(A) हमारे साहित्य निर्माता
(B) काव्य में रहस्यवाद
(C) कवि और काव्य
(D) साहित्यिकी

**उत्तर:** (B) काव्य में रहस्यवाद

**Q NO. 55**

निम्नलिखित कहानियों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. ग्यारह वर्ष का समय

II. दुलाईवाली

III. इंदुमति

IV. प्लेग की चुड़ैल

**विकल्प :**

(A) III, IV, I, II

(B) I, II, III, IV

(C) IV, III, II, I

(D) III, II, IV, I

**उत्तर:** (A) III, IV, I, II

## Q NO. 56

'जो कहा नहीं गया' आत्मकथा की लेखिका हैं :

(A) पद्मा सचदेव

(B) कृष्णा अग्निहोत्री

(C) कुसुम अंसल

(D) मैत्रेयी पुष्पा

**उत्तर:** (C) कुसुम अंसल

## Q NO. 57

'पंत और पल्लव' कृति में पंत की कविताओं का उद्धरण देकर उनकी त्रुटियों का निर्देश किस आलोचक कवि ने किया ?

(A) डॉ. नगेन्द्र

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) नंददुलारे वाजपेयी

(D) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

**उत्तर:** (D) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

## Q NO. 58

'डायरी के नीरस पृष्ठ' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?

(A) मोहन राकेश

(B) धर्मवीर भारती

(C) इलाचन्द्र जोशी

(D) शिवपूजन सहाय

**उत्तर:** (C) इलाचन्द्र जोशी

## Q NO. 59

हिंदी निबंध के संबंध में निम्नलिखित में से ***असंगत*** विकल्प का चयन कीजिए :

(A) गुलाबराय – ठलुआ क्लब, मेरी असफलताएँ

(B) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी – अतीत स्मृति, उत्सव

(C) बेचन शर्मा 'उग्र' – बुढ़ापा, गाली

(D) रघुवीर सिंह – श्रृद्धांजलि के दो फूल, फिर निराशा क्यों

**उत्तर:** (D) रघुवीर सिंह – श्रृद्धांजलि के दो फूल, फिर निराशा क्यों

## Q NO. 60

निम्नलिखित में से निबंध व निबंधकारों से संबंधित सही विकल्प है :

(A) विचार और वितर्क – रामधारी सिंह दिनकर

(B) जड़ की बात – हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) युग और साहित्य – शान्तिप्रिय द्विवेदी

(D) हमारी सांस्कृतिक एकता – जैनेन्द्र

**उत्तर:** (C) युग और साहित्य – शान्तिप्रिय द्विवेदी

## Q NO. 61

"मैं सोचता हूँ कि पुराने की यह अधिकार-लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती ? जरा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत के अतिपरिचित और अतिप्रामाणिक सत्य हैं।"

प्रस्तुत पंक्तियाँ हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के किस निबंध से ली गई हैं ?

(A) कुटज

(B) शिरीष के फूल

(C) कल्पलता

(D) आलोक पर्व

**उत्तर:** (B) शिरीष के फूल

Adda247

## Q NO. 62

'ज्योतिपुंज हिमालय' यात्रावृत्त के लेखक हैं :

(A) हरिकृष्ण देवसरे

(B) कन्हैयालाल नंदन

(C) श्यामसिंह शशि

(D) विष्णु प्रभाकर

**उत्तर:** (D) विष्णु प्रभाकर

## Q NO. 63

निम्नलिखित में से कौन-सा निबंध बालकृष्ण भट्ट का ***नहीं*** है ?

(A) बाल-विवाह

(B) परीक्षा

(C) राजा और प्रजा

(D) खटका

**उत्तर:** (B) परीक्षा

**Q NO. 64**

सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (नाटक)** | | **सूची II (रचनाकार)** |
|---|---|---|---|
| a. | वीर जयमल | i. | वृंदावन लाल वर्मा |
| b. | सेनापति ऊदल | ii. | डॉ. राम कुमार वर्मा |
| c. | जौहर की ज्योति | iii. | कृष्णप्रकाश सिंह |
| d. | पन्ना | iv. | गंगा प्रसाद गुप्त |

**कूट :**

(A) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(B) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**उत्तर:** (B) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

**Q NO. 65**

गोपालराम गहमरी जी ने अंग्रेज़ी के प्रसिद्ध जासूसी उपन्यासकार आर्थर कॉनन डॉयल से प्रभावित होकर उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'ए स्टडी इन स्कारलेट' का हिंदी रूपांतरण किया, उस उपन्यास का नाम था :

(A) गोविंदराम

(B) जासूसी

(C) अनूठी बेगम

(D) गुप्त भेद

**उत्तर:** (A) गोविंदराम

**Q NO. 66**

निम्नलिखित में से किस नाटककार ने अपने नाटक में भारत-चीन युद्ध का व्यापक फलक लिया है ?

(A) हरिकृष्ण 'प्रेमी' – अमृत पुत्री

(B) शिव प्रसाद सिंह – घंटियाँ गूंजती हैं

(C) गोविंद वल्लभ पंत – सुहाग-बिंदी

(D) चन्द्रगुप्त विद्यालंकार – न्याय की रात

**उत्तर:** (B) शिव प्रसाद सिंह – घंटियाँ गूंजती हैं

## Q NO. 67

हिंदी में लिखी गई 'चैतन्य महाप्रभु' जीवनी के लेखक हैं :

(A) भदंत आनंद कौसल्यायन

(B) अमृतलाल नागर

(C) बलदेव उपाध्याय

(D) पं. ललिताप्रसाद

**उत्तर:** (B) अमृतलाल नागर

## Q NO. 68

बंगला-साहित्य के बारे में निम्नलिखित पंक्तियाँ किसने कहीं ?

"बंगभाषा में 'दुर्गेशनंदिनी' – प्रभृति शतशः उपन्यास एक-से-एक बढ़-चढ़ कर हैं। बंगदेशी जैसे और-और बातों में उत्साह और तरक्की के ओर-छोर तक पहुँचे हैं, वैसे ही नाटक और उपन्यास लिखने में किसी से कम नहीं हैं।"

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) रमेशचंद्र दत्त

(C) दामोदर मुकर्जी

(D) स्वर्ण कुमारी

**उत्तर:** (A) बालकृष्ण भट्ट

## Q NO. 69

'कहते हैं कि विद्या से आदमी की बुद्धि ठीक हो जाती है, पर यहाँ उल्टा ही देखने में आता है। यह हाकिम और अमले तो पढ़े-लिखे विद्वान होते हैं, लेकिन किसी को दया धर्म का विचार नहीं होता।'

उपर्युक्त पंक्तियाँ मुंशी प्रेमचंद के 'प्रेमाश्रम' उपन्यास के किस पात्र ने कही हैं ?

(A) दुखरन

(B) सुक्खू

(C) मनोहर

(D) गिरधर

**उत्तर:** (A) दुखरन

## Q NO. 70

'छत्रपति शिवाजी' जीवनी के लेखक हैं :

(A) लाला लाजपत राय

(B) महात्मा गांधी

(C) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(D) नेताजी सुभाष चंद्र बोस

**उत्तर:** (A) लाला लाजपत राय

Q NO. 71

'निर्झर और पाषाण' गद्य काव्य के रचयिता हैं :

(A) रामप्रसाद विद्यार्थी 'रावी'

(B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) तेजनारायण काक

(D) राजनारायण मेहरोत्रा 'रजनीश'

**उत्तर:** (C) तेजनारायण काक

Q NO. 72

'मेरे प्राथमिक जीवन की स्मृतियाँ' संस्मरण के रचयिता हैं :

(A) इलाचंद्र जोशी

(B) वृंदावन लाल वर्मा

(C) शिवराम पांडेय

(D) शिवनारायण टंडन

**उत्तर:** (A) इलाचंद्र जोशी

Q NO. 73

'गर्भरंडा-रहस्य' व्यंग्य कविता के रचनाकार हैं :

(A) ईश्वरी प्रसाद शर्मा

(B) नाथूराम शर्मा 'शंकर'

(C) जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी

(D) बालमुकुन्द गुप्त

**उत्तर:** (B) नाथूराम शर्मा 'शंकर'

Q NO. 74

सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' द्वारा रचित पुस्तक ***नहीं*** है :

(A) आत्मनेपद

(B) हिंदी साहित्य : एक आधुनिक परिदृश्य

(C) लोक जागरण और हिंदी साहित्य

(D) आलवाल

**उत्तर:** (C) लोक जागरण और हिंदी साहित्य

Q NO. 75

Adda247 GET IT ON Google Play

सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (लेखक)** | | **सूची II (कहानियाँ)** |
|---|---|---|---|
| a. | प्रेमचंद | i. | इंद्रधनुष |
| b. | जयशंकर प्रसाद | ii. | वातायन |
| c. | पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' | iii. | इंद्रजाल |
| d. | जैनेन्द्र | iv. | तावान |

**कूट :**

(A) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(D) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

**उत्तर:** (A) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

## Q NO. 76

निम्नलिखित में से कार्तिक प्रसाद खत्री द्वारा रचित जीवनी ***नहीं*** है :

(A) अहिल्या बाई का जीवन-चरित्र

(B) छत्रपति शिवाजी का जीवन-चरित्र

(C) नेपोलियन बोनापार्ट का जीवन-चरित्र

(D) मीराबाई का जीवन-चरित्र

**उत्तर:** (C) नेपोलियन बोनापार्ट का जीवन-चरित्र

## Q NO. 77

निम्नलिखित में से महावीर प्रसाद द्विवेदी जी द्वारा रचित संस्मरण ***नहीं*** है :

(A) अनुमोदन का अंत

(B) इधर-उधर की बातें

(C) सभा की सभ्यता

(D) विज्ञानाचार्य बसु का विज्ञान-मंदिर

**उत्तर:** (B) इधर-उधर की बातें

## Q NO. 78

'मुझमें देव-जीवन का विकास' आत्मकथा के लेखक हैं :

(A) सत्यानंद अग्निहोत्री

(B) स्वामी दयानंद

(C) परमानंद

(D) स्वामी विवेकानंद

**उत्तर:** (A) सत्यानंद अग्निहोत्री

**Q NO. 79**

किस शब्द शक्ति में पाठक या श्रोता वास्तविक अर्थ ग्रहण करते हैं ?

(A) अभिधा

(B) लक्षणा

(C) व्यंजना

(D) रूढ़ा-लक्षणा

**उत्तर:** (A) अभिधा

**Q NO. 80**

किस अलंकार में आदर, आश्चर्य, भय, घृणा, शोक और हर्ष आदि भावों को प्रकट करने के लिए एक ही शब्द का प्रयोग बार-बार किया जाता है, जिससे उन भावों को बल मिलता है ?

(A) वक्रोक्ति

(B) श्लेष

(C) वीप्सा

(D) यमक

**उत्तर:** (C) वीप्सा

**Q NO. 81**

'भौंहनि त्रासति, मुख नटति, आँखिन सौं लपटाति।
ऐंचि छुड़ावति ईंचि कर, आगे आवति जाति॥'

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा रस है ?

(A) हास्य

(B) करुण

(C) श्रृंगार

(D) शांत

**उत्तर:** (C) श्रृंगार

Adda247

**Q NO. 82**

'कपि करि हृदय विचारि,
दीन्हि मुद्रिका डारि तब।
जनु अशोक अंगार, दीन्ह
हरषि उठि कर गहेउ॥'

इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

(A) उपमा

(B) रूपक

(C) सन्देह

(D) भ्रांतिमान

**उत्तर:** (D) भ्रांतिमान

Q NO. 83

निम्नलिखित में से कौन-सा संचारी भाव का भेद ***नहीं*** है ?

(A) विषाद
(B) आलम्बन
(C) निर्वेद
(D) शंका

**उत्तर:** (B) आलम्बन

Q NO. 84

अहीर मात्रिक सम छन्द के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(A) नौ
(B) दस
(C) ग्यारह
(D) बारह

**उत्तर:** (C) ग्यारह

Q NO. 85

पहले किसी वस्तु का महत्त्व दिखा कर बाद में उसकी हीनता सूचित की जाए अथवा पहले हीनता दिखाकर फिर उसकी महत्ता वर्णित की जाए वहाँ कौन-सा अर्थदोष होता है ?

(A) दुष्क्रमत्व
(B) अपुष्टार्थत्व
(C) कष्टार्थत्व
(D) व्याहतत्व

**उत्तर:** (D) व्याहतत्व

Q NO. 86

'अजा सहेली तासु रिपु, ता जननी भरतार।
ताके सुत के मित्र को, भज तु बारंबार ॥'
उपर्युक्त दोहे में कौन-सा काव्य दोष है ?

(A) श्रुतिकटुत्व
(B) निरर्थकत्व
(C) क्लिष्टार्थत्व
(D) निहतार्थत्व

**उत्तर:** (C) क्लिष्टार्थत्व

**Q NO. 87**

'जब-जब पनघट जाऊँ सखी-री वा जमुना के तीर।
भरि-भरि जमुना उमड़ चलति, इन नैनन के नीर॥'
उपर्युक्त दोहा कौन-सी शब्द शक्ति का उदाहरण है ?

(A) शाब्दी व्यंजना
(B) अभिधा
(C) आर्थी व्यंजना
(D) लक्षणा

**उत्तर:** (C) आर्थी व्यंजना

**Q NO. 88**

आचार्य दण्डी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा काव्य का भेद ***नहीं*** है ?

(A) गद्य
(B) पद्य
(C) रूपक
(D) मिश्र (चम्पू)

**उत्तर:** (C) रूपक

**Q NO. 89**

किस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः एक यगण, एक मगण, एक नगण, एक सगण, एक भगण और एक लघु तथा एक गुरु होते हैं ? यह सत्रह वर्णों का छन्द होता है।

(A) वसंततिलका
(B) मालिनी
(C) प्रमिताक्षरा
(D) शिखरिणी

**उत्तर:** (D) शिखरिणी

**Q NO. 90**

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(A) एक वर्ण या वर्ण समूह के तीन या उससे अधिक बार आने पर वृत्यानुप्रास अलंकार होता है।
(B) सार्थक अथवा निरर्थक भिन्न अर्थवाले वर्ण-समुदाय की क्रमश: आवृत्ति या पुन: श्रवण को यमक अलंकार कहते हैं।
(C) जब कोई शब्द दो या दो से अधिक बार आए और अर्थ प्रत्येक बार एक ही हो, परन्तु अन्वय करने पर प्रत्येक बार अर्थ भिन्न हो तो लाटानुप्रास अलंकार होता है।
(D) जहाँ मुख के एक ही उच्चारण स्थान से उच्चारित होने वाले वर्णों की आवृत्ति होती है वहाँ अंत्यानुप्रास अलंकार होता है।

**उत्तर:** (D) जहाँ मुख के एक ही उच्चारण स्थान से उच्चारित होने वाले वर्णों की आवृत्ति होती है वहाँ अंत्यानुप्रास अलंकार होता है।

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q NO. 91

'शशि मुख पर घूँघट डाले
अंचल में दीप छिपाये।
जीवन की गोधूली में।
कौतूहल से तुम आये।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस छन्द का उदाहरण हैं ?

(A) अहीर
(B) राधिका
(C) मानव
(D) तोमर

**उत्तर:** (C) मानव

Q NO. 92

'गंध शत, अरविंद नंदन, विश्वनंद सार।
अखिल उर रंजन निरंजन, एक अनिल उदार ।।'
उपर्युक्त पंक्ति में काव्य का कौन-सा गुण है ?

(A) माधुर्य
(B) ओज
(C) प्रसाद
(D) श्लेष

**उत्तर:** (A) माधुर्य

Q NO. 93

यदि लक्षणा से निकलने वाले अर्थ में वाच्यार्थ भी सम्मिलित रहता है, तो कौन-सी लक्षणा शब्द शक्ति होती है ?

(A) लक्षण-लक्षणा
(B) उपादान-लक्षणा
(C) प्रयोजनवती-लक्षणा
(D) रूढ़ा-लक्षणा

**उत्तर:** (B) उपादान-लक्षणा

Q NO. 94

'इ' का उच्चारण स्थान है :

(A) कण्ठतालव्य
(B) मूर्धन्य
(C) तालव्य
(D) कण्ठ्य

**उत्तर:** (C) तालव्य

Q NO. 95

सतना, रीवा, शहडोल इन क्षेत्रों में कौन-सी बोली प्रयुक्त की जाती है ?

(A) बुंदेली

(B) बघेली

(C) कन्नौजी

(D) खड़ी बोली

**उत्तर:** (B) बघेली

Q NO. 96

निम्नलिखित में से कौन-सी पश्चिमी हिन्दी की बोली ***नहीं*** है ?

(A) बुंदली

(B) ब्रजभाषा

(C) कन्नौजी

(D) अवधी

**उत्तर:** (D) अवधी

Q NO. 97

निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र मैथिली बोली का है ?

(A) पूर्णिया

(B) पटना

(C) गोरखपुर

(D) गया

**उत्तर:** (A) पूर्णिया

Adda247

Q NO. 98

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही ***नहीं*** है ?

(A) खड़ी बोली – सहारनपुर

(B) ब्रजभाषा – धौलपुर

(C) बुंदेली – बदायूं

(D) भोजपुरी – बस्ती

**उत्तर:** (C) बुंदेली – बदायूं

Q NO. 99

Adda247
GET IT ON Google Play

':-' यह कौन-सा विराम-चिह्न है ?

(A) योजक

(B) अनुवृत्ति

(C) विवरण

(D) निर्देशक

**उत्तर:** (C) विवरण

Q NO. 100

निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चुनिए :

(A) क्या यह संभव हो सकता है।

(B) जल्दी वापस लौट कर आना।

(C) इन बातों को फिर से दोहराने से क्या लाभ।

(D) यहाँ बीमारियों की दवा मुफ्त मिलती है।

**उत्तर:** (D) यहाँ बीमारियों की दवा मुफ्त मिलती है।

Q NO. 101

निम्नलिखित में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(A) तिलांजली

(B) दिवारात्रि

(C) पत्नि

(D) क्षिति

**उत्तर:** (D) क्षिति

Adda247

Q NO. 102

'आजन्म' ____________ समास का उदाहरण है।

(A) तत्पुरुष

(B) कर्मधारय

(C) अव्ययीभाव

(D) द्वंद्व

**उत्तर:** (C) अव्ययीभाव

Q NO. 103

'उपत्यका' शब्द के लिए सही वाक्यांश होगा :

(A) क्षण में नष्ट होने वाला

(B) पर्वत के नीचे की भूमि

(C) वह भूमि जिसमें कुछ भी न उपजता हो

(D) तिनको से बना घर

**उत्तर:** (B) पर्वत के नीचे की भूमि

## Q NO. 104

निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'धनुष' का पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है ?

(A) विशिख

(B) कोदंड

(C) चाप

(D) शरासन

**उत्तर:** (A) विशिख

## Q NO. 105

'क्षणिक' शब्द का विलोम शब्द है :

(A) प्रामाणिक

(B) शाश्वत

(C) मुदित

(D) नष्ट

**उत्तर:** (B) शाश्वत

## Q NO. 106

निम्नलिखित में से किस शब्द में योजक चिह्न का सही प्रयोग हुआ है ?

(A) पद-च्युत

(B) घर-द्वार

(C) कृष्ण-रूपी

(D) काशी-वासी

**उत्तर:** (B) घर-द्वार

## Q NO. 107

Adda247 GET IT ON Google Play

'सब धान बाईस पंसेरी' लोकोक्ति का अर्थ है :

(A) सामर्थ्यवान व्यक्ति को कोई कुछ नहीं कहता

(B) अच्छे बुरे की परख न कर सबको समान समझना

(C) बिना किसी नुकसान के कार्य पूर्ण होना

(D) बुराई को बुराई से ही जीता जा सकता है

**उत्तर:** (B) अच्छे बुरे की परख न कर सबको समान समझना

## Q NO. 108

'इंसानियत' शब्द में प्रत्यय है :

(A) नियत

(B) इयत

(C) ईयत

(D) अनियत

**उत्तर:** (B) इयत

## Q NO. 109

निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चुनिए :

(A) अपराधी को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई।

(B) अंधेरी रात में कुत्ते जोर से चिल्ला रहे थे।

(C) कालचक्र के पहिए से बचना संभव नहीं है।

(D) उसने हाथी पर हौदा रख दिया।

**उत्तर:** (D) उसने हाथी पर हौदा रख दिया।

Adda247

## Q NO. 110

'सम्' उपसर्ग किस शब्द में ***नहीं*** है ?

(A) संसार:

(B) संवाद:

(C) संयम:

(D) सुगम:

**उत्तर:** (D) सुगम:

## Q NO. 111

Adda247 GET IT ON Google Play

'स्वच्छ' शब्द में संधि है :

(A) दीर्घ

(B) यण्

(C) वृद्धि

(D) गुण

**उत्तर:** (B) यण्

Q NO. 112

निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द हलन्त स्त्रीलिङ्ग है ?

(A) पयस्

(B) गुणिन्

(C) अप्

(D) कर्मन्

**उत्तर:** (C) अप्

Q NO. 113

'अक्षशौण्डः' पद में समास है :

(A) बहुव्रीहि

(B) अव्ययीभाव

(C) कर्मधारय

(D) तत्पुरुष

**उत्तर:** (D) तत्पुरुष

Adda247

Q NO. 114

'सा लेखन्या लिखति' यहाँ 'लेखन्या' पद में कौन-सी विभक्ति है ?

(A) तृतीया

(B) द्वितीया

(C) पञ्चमी

(D) सप्तमी

**उत्तर:** (A) तृतीया

Q NO. 115

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही ***नहीं*** है ?

(A) भानूदय: – दीर्घ सन्धि

(B) महौज: – वृद्धि सन्धि

(C) गायक: – अयादि सन्धि

(D) पित्रौदार्यम् – गुण सन्धि

**उत्तर:** (D) पित्रौदार्यम् – गुण सन्धि

Q NO. 116

'समुद्रोर्मि:' शब्द में संधि है :

(A) दीर्घ सन्धि

(B) वृद्धि सन्धि

(C) गुण सन्धि

(D) यण् सन्धि

**उत्तर:** (C) गुण सन्धि

Q NO. 117

'धनं लभमान: त्वं प्रसन्न: असि' यहाँ 'लभमान:' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) शतृ

(B) शानच्

(C) अनीयर्

(D) तव्य

**उत्तर:** (B) शानच्

Adda247

Q NO. 118

'सतां सद्भि: संग: कथमपि हि पुण्येन भवति'

उपर्युक्त सूक्ति किस नाटक की है ?

(A) महावीरचरितम्

(B) उत्तररामचरितम्

(C) मालतीमाधवम्

(D) वेणीसंहारम्

**उत्तर:** (B) उत्तररामचरितम्

Q NO. 119

Adda247
GET IT ON Google Play

निम्नलिखित में से कौन-सा कालिदास द्वारा रचित नाटक है ?

(A) विक्रमोर्वशीय

(B) मेघदूत

(C) रघुवंश

(D) राक्षसकाव्य

**उत्तर:** (A) विक्रमोर्वशीय

## Q NO. 120

निम्नलिखित में से कौन-सी रचना राजशेखर की ***नहीं*** है ?

(A) बालरामायण

(B) कर्पूरमञ्जरी

(C) अनर्घराघव

(D) काव्यमीमांसा

**उत्तर:** (C) अनर्घराघव

## Q NO. 121

'किरातार्जुनीय' का कथानक महाभारत के कौन-से पर्व के कुछ अध्यायों पर आश्रित है ?

(A) सभापर्व

(B) वनपर्व

(C) शांति पर्व

(D) विराट पर्व

**उत्तर:** (B) वनपर्व

## Q NO. 122

महाकवि माघ के पिता का नाम क्या था ?

(A) सुप्रभदेव

(B) दत्तक

(C) विष्णुदेव

(D) धर्मराज

**उत्तर:** (B) दत्तक

## Q NO. 123

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

Previous Year Papers PDF

Search

Banking JAIIB & CAIIB SSC Railways

April 2026

11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

February 2026

22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

Topic-wise & Exam-wise PDFs

Download & Study Offline

Attempt as Mock & Track Score

Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking SSC Railway Teaching UGC Agriculture Nursing

Bihar UP Punjab WB Odisha TN AP & Telangana Haryana

DOWNLOAD THE APP

Adda247

GET IT ON Google Play

रघुवंश महाकाव्य में कालिदास ने सूर्यवंश के राजाओं के वर्णन में कौन-सी वंशावली का अनुसरण किया है ?

(A) वायु पुराण तथा विष्णु पुराण में वर्णित

(B) वाल्मीकि रामायण में वर्णित

(C) ब्रह्म पुराण तथा शिव पुराण में वर्णित

(D) वाराह पुराण तथा वामन पुराण में वर्णित

**उत्तर:** (A) वायु पुराण तथा विष्णु पुराण में वर्णित

## Q NO. 124

चित्रकाव्य का प्रयोग करने वाले संस्कृत के प्रथम कवि हैं :

(A) कालिदास

(B) भवभूति

(C) भारवि

(D) मम्मट

**उत्तर:** (C) भारवि

## Q NO. 125

निम्नलिखित रचनाओं में से भास की कौन-सी रचना रामायण मूलक है ?

(A) प्रतिमा नाटक

(B) दूतवाक्य

(C) अविमारक

(D) पंचरात्र

**उत्तर:** (A) प्रतिमा नाटक

Adda247